

नया इंडिया
राजस्थान

मौसम
रपट/पूर्वानुमान

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
09-सितंबर	24.0	29.0	बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।
10-सितंबर	24.0	28.0	बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।

ड्रीप/फव्वारा के लिए आवेदन 15 सितंबर तक

भीलवाड़ा। जिले में उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में फव्वारा एवं ड्रिप संयंत्र योजना में फव्वारा, मिनी स्प्रीकंलर एवं ड्रिप संयंत्र लगवाने के लिए किसानों के आवेदन 15 सितम्बर तक ही स्वीकार किये जायेंगे। सहायक निदेशक (उद्यान) राकेश कुमार माला ने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई योजना में ड्रिप संयंत्र लगवाने पर लघु-सीमान्त किसानों को 70 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 50 प्रतिशत अनुदाय देय है तथा इस योजना में फव्वारा संयंत्र क्रय करने पर लघु सीमान्त किसानों को 60 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 50 प्रतिशत का अनुदान देय होगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु किसानों को अपना आवेदन पत्र तैयार कर मय आवश्यक दस्तावेज-जमाबन्दी, ट्रेस नक्शा, संयंत्र का कोटेशन, मिट्टी पानी की जाँच रिपोर्ट, बिजली का बिल, आधार/जनआधार कार्ड आदि लगाकर ई-मित्र के माध्यम से ''राज किसान साथी पोर्टल'' पर अपनी पत्रावली ऑन लाईन करानी होगी। इस योजना अन्तर्गत जिले को सीमित लक्ष्य प्राप्त हुए है।

भाजपा जिलाध्यक्ष व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष का आभार

भीलवाड़ा। नव नियुक्त महिला पदाधिकारियों ने बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली ने कहा कि भाजपा महिला संगठन को मजबूत करने और पार्टी की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने में महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिला मोर्चा शाहपुरा विधानसभा फुलिया मंडल अध्यक्ष रिंकू वैष्णव ने जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष लादू लाल तेली व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू पालीवाल को माला पहनाकर अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला महामंत्री बाबूलाल टाक, अग्रवाल ,जिला कार्यक्रम प्रभारी प्रह्लाद त्रिपाठी, जिला आईटी अजीत सिंह, फुलिया मंडल उपाध्यक्ष विकास शर्मा लक्ष्मण वैष्णव सियाराम वैष्णव तेजू गुर्जर सुनीता वैष्णव पुष्पा वैष्णव आदि भाजपाइ कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

समाचार: जिला, आसपास

जिले में नहीं मिला किसी को मंत्री पद और सत्ता में भागीदारी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर ऊहापोह जारी।

भीलवाड़ा ■ जगदीश जोशी

जिले में मात्र दो विधायकामें से एक विधायक रामलाल जाट तीसरी बार विधायक बने है जबकि गायत्री देवी उप चुनाव में विजयी होकर पहली बार विधायक बनी है। लम्बे समय बाद पहला मौका है जबकि जिले से मंत्री मंडल में किसी को स्थान नहीं मिल पाया है। वहीं सत्ता में करीब 50 प्रदेश स्तर के पदों पर अब तक मनोनयन के अभाव में एक भी नेता प्रदेश में जिले की बात रखने को नहीं है। भीलवाड़ा जिला मुख्यालय का सबसे महत्वपूर्ण न्यास अध्यक्ष का पद भी मनोनयन के इंतजार में है और बार-बार दौड़ में शामिल नेता जयपुर की दौड़ लगा रहे है। इस कारण जिले का औद्योगिक विकास, खनन क्षेत्र का विकास ठप पड़ा है।

वहीं शहर के विकास में जनभागीदारी नहीं होने से अधिकारी मनमर्जी पर है और कई बार तो इस अनभिज्ञता का लाभ भूमाफिया, बजरी माफिया उठाने में लगे हैं। जिनकी रोकथाम के प्रयास खाली पड़े पदों पर मनोनयन के बाद ही संभव हो पाएगा। कांग्रेस का एक जमाना ऐसा था जब जिले ही नहीं पूरे प्रदेश में भीलवाड़ा जिले के नेताओं की तूती बोलती थी और यहां तक की गिरधारी लाल व्यास प्रदेश अध्यक्ष तो रामप्रसाद लद्दा बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष और शिव चरण माथुर मुख्यमंत्री थे। यही नहीं तत्कालीन जिला प्रमुख हफीज मोहम्मद मंत्री रामपाल उपाध्याय, देवेन्द्र सिंह और रतनलाल ताम्बी के नाम प्रदेश की राजनीति में प्रमुखता से लिये जाते थे और इनमें से कई नाम आज भी कार्यकर्ताओं के मुख पर है। जो आये दिन किसी न किसी रूप में याद किये जाते है। पिछले कुछ वर्षों में इन नेताओं के देहावसान के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता किसके पास जाये इसे लेकर धीरे-धीरे ऊहापोह की स्थिति में आता जा रहा है। रामपाल शर्मा और रामलाल जाट, धीरज गुर्जर, हगामीलाल मेवाड़ा, अनिल डांगी, महावीर मोची, कैलाश त्रिवेदी, चेतन डीडवानिया, महेश सोनी तथा प्रदीप कुमार सिंह आदि की जोड़ियों ने एक हद तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बांधे रखा, पर ज्यादा दिन तक यह चला नहीं और कैलाश त्रिवेदी तथा महावीर मोची के दिवंगत हो जाने से तथा रामलाल-रामपाल की जोड़ी टूट जाने से और धीरज गुर्जर के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सचिव मनोनीत होने के बाद अधिकांश समय दिल्ली में बीतने से अब एक बार फिर यह कार्यकर्ताओं के लिए विचारणीय है कि किधर जाये।

मांडल विधायक एवं डेयरी अध्यक्ष रामलाल जाट वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष भी है ऐसे में वह कार्यकर्ताओं पर विशेष ध्यान तो देते है पर हर समय उनके जहन में मांडल विधानसभा क्षेत्र और पशुपालक एवं किसानों की समस्या और उनके समाधान का प्रयास चलता है। ऐसे में वह डेयरी के माध्यम से पशुपालकों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की विचारधारा योजना और जन कल्याणकारी नीतियों की बात पहुंचाने के साथ ही उनके क्रियान्वयन को लेकर भी सजग रहते है। रामपाल शर्मा वर्तमान में जिलाध्यक्ष तो है पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा बार-बार जिलाध्यक्ष बदलाव व मनोनयन की बात की जाती है। इसे लेकर पूरी तरह ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ऐसे में मात्र खानापूर्ति बन जाता है। क्योंकि कार्यकर्ता यह समझ नहीं पाता कि संगठन के जब पदाधिकारी नहीं है, तो वहां जाकर क्या करें। संगठन महामंत्री महेश सोनी की पार्टी संगठन और आमजन के लिए सक्रियता किसी से छीपी नहीं है। कोई भी पार्टी स्तर का आयोजन या कार्यक्रम हो सबसे आगे रहने वाले सोनी हमेशा पार्टी की मजबूती और युवाओं को जोड़ने के लिए प्रत्यनशील रहते है। वहीं आमजन की कोई भी समस्या हो इसके निदान और समाधान में अग्रणी भूमिका निभाते है। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रत्याशी रहे अनिल डांगी भी कार्यकर्ताओं से पूरी तरह सम्पर्क रखने और पार्टी से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करते रहते है, ताकि कार्यकर्ताओं को बेबसी नहीं लगे।

शहर ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट हेमेन्द्र शर्मा और मंजू पोखरना भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा रहे है। पूर्व सभापति ओमप्रकाश नराणीवाल हो या मधु जाजू दोनों ही अधिकांश कार्यक्रमों को सफल बनाने में तथा कार्यकर्ताओं की बात सुनकर समाधान के लिए प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इन सबके बावजूद संगठन में जिलाध्यक्ष पद का प्रदेश से न तो मनोनयन होना और न ही वर्तमान अध्यक्ष रामपाल शर्मा को यथावत बनाये रखना का फरमान जारी नहीं होने से प्रदेश में सत्ता में होने के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करीब-करीब नगण्य है और ऐसा लगा रहा है कि लगातार निराशा कार्यकर्ताओं का मानस और मनोबल कहीं अन्य राजनैतिक दलों की ओर देखने को मजबूर न कर दें। जिले का हमेशा कांग्रेस हो या भाजपा प्रदेश की सत्ता में प्रतिनिधित्व रहता नजर आया है और यह शायद पहला मौका होगा जबकि औद्योगिक दृष्टी से राज्य में अव्वल रहने वाला यह जिला लगातार पिछड़ता जा रहा है और लगातार अनदेखी के कारण कपड़ा उद्योग की इकाईयां अब मध्यप्रदेश की ओर कूच कर रही है। कपड़ा उद्योग की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना और उनके समाधान की दृष्टि से प्रयास कौन करें इस पर प्रश्न चिह्न लग गया है। सभी निगाहे विधायक रामलाल जाट पर जाकर टिक रही है और उनका मानना है कि ऐसे प्रभावशाली विधायक को मंत्रीमंडल में स्थान मिले।

भीलवाड़ा से राजसमंद-अजमेर तथा अजमेर-नागौर तक रोड स्टेट हाइवे बनेगा

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

राज्य सरकार द्वारा 20 जिलों की कुल 1656 किलोमीटर लम्बाई की ग्रामीण, अन्य जिला एवं मुख्य जिला सडकों को राज्य राजमार्गों में क्रमोन्नत किया जाएगा। भीलवाड़ा से राजसमंद होकर अजमेर जिले तक जाने वाली 75 किलोमीटर लम्बी तथा भीलवाड़ा से अजमेर होकर नागौर जिले तक जाने वाली 69 किलोमीटर लम्बी सड़क भी स्टेट हाइवे बनेगी। इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रस्ताव का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अनुमोदन कर दिया है। बड़ी संख्या में सड़कों को राजमार्ग घोषित करने के इस निर्णय से प्रदेशभर में ग्रामीण आबादी को आवागमन में सहूलियत होगी और आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से लाभ होगा। गहलोत ने राज्य बजट 2021-22 में प्रदेशभर के दूरदराज के क्षेत्रों को जोड़ने वाली ग्रामीण, अन्य जिला एवं मुख्य जिला सडकों को राजमार्गों में क्रमोन्नत करने की घोषणा की थी।

फटाफट

ग्रामीण ओलंपिक खेल आयोजन के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारी करें तैयारियां

भीलवाडा। राजस्थान ग्रामीण ओलंपिक खेल आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार के मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से राज्य स्तरीय बैठक आयोजित हुई । बैठक में वीसी के माध्यम से भीलवाड़ा जिला कलक्टर श्री शिवप्रसाद एम. नकाते व जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने भी भाग लिया । राज्य सरकार से मिले दिशा-निर्देशानुसार जिला कलक्टर ने अधिकारियों को जिले में ग्रामीण ओलंपिक खेल आयोजन के सफल क्रियान्वयन के लिए रूपरेखा बनाकर हर आवश्यक तैयारियां करने को कहा जिससे कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशानुरूप ग्रामीण स्तर पर भी खेलों को बढ़ावा मिल सके । जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से जिला परिषद के सीईओ रामचंद्र बैरवा ,जिला खेल अधिकारी ओमप्रकाश गुर्जर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे ।

अखिल भारतीय श्री टाक महासभा के चुनाव 19 को

जहाजपुर। अखिल भारतीय श्री टाक महासभा क्षेत्रीय कार्यकारिणी का निर्वाचन 19 सितंबर को टाक भवन छात्रावास, अंबेश हॉस्पिटल के पीछे, आजाद नगर में संपन्न होंगे। समाज के हाडोती खेराड़ क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार टाक ने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी भगवती लाल टाक रायला, केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक रामप्रसाद टाक शाहपुरा होंगे। वही इस बार समाज के संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार केवल अध्यक्ष पद के लिए ही चुनाव होगा है । कार्यकारिणी के शेष पदों पर मनोनयन नवनिर्वाचित अध्यक्ष, केंद्रीय पदाधिकारियों व स्थानीय स्व -जातीय बंधुओं की अनुशंसा पर किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का समय प्रातः 8 से 10 बजे रहेगा। नामवापसी दोपहर बाद की जा सकेगी।

हलचल : मेवाड़

स्वरोजगार हेतु अपनाये मुर्गीपालन : डॉ. यादव

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

अनुसंधान निदेशालय, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा प्रायोजित जनजाति उपयोजनान्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, भीलवाड़ा द्वारा जैविक कुक्कुट पालन पर उद्यमिता विकास विषय पर 15 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी. एम. यादव ने जिले में मुर्गीपालन की उपयोगिता, भविष्य, समस्या समाधान के साथ-साथ जैविक मुर्गीपालन, मुर्गीपालन इकाई स्थापित करने के लिए विकसित नस्लें, उचित आवास व्यवस्था, मुर्गियों की आयु के अनुसार आहार व्यवस्था एवं मुर्गियों मे होने वाले प्रमुख रोग जैसे रानीखेत, गंभोरो आदि रोगों के लक्षण व उपचार तकनीकी को विस्तारपूर्वक समझाया। शस्य वैज्ञानिक डॉ. के. सी. नागर ने उन्नत मुर्गीपालन के साथ-साथ समन्वित कृषि प्रणाली अपनाने पर जोर दिया। डॉ. नागर ने फसल विविधिकरण, फसल चक्र, फसलों की उन्नत किस्में एवं अजोला प्रबन्धन तकनीकी से अवगत करवाया।

कृषि महाविद्यालय के मृदा वैज्ञानिक डॉ. रविकान्त शर्मा ने स्वरोजगार हेतु मुर्गीपालन अपनाने एवं आजीविका में सुधार करने की आवश्यकता प्रतिपादित की साथ ही कृषि में नवीन प्रौद्योगिकी के समावेश द्वारा कम लागत में मुर्गीपालन इकाई की स्थापना कर मुर्गियों की बीट की खाद के रूप में गुणवत्ता बताई। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. हीरा लाल बुगालिया ने मुर्गियों की उन्नत नस्लें प्रतापधन, कड़कनाथ, अंकलेश्वर, चेबों की उपलब्धता, विपणन, आवास एवं आहार प्रवन्धन तथा मुर्गीपालन हेतु आवश्यक उपकरणों की तकनीकी जानकारी के साथ मुर्गीपालन को कम पुंजी, कम समय, कम मेहनत और कम स्थान वाला व्यवसाय बताया। कार्यक्रम के समापन पर सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. ओ. पी. पारीक ने ग्रामीण क्षेत्र मुर्गी पालकों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार कर आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए मुर्गीपालन का अहम योगदान बताया। फार्म मैनेजर महेन्द्र सिंह चुण्डावत ने केन्द्र पर स्थापित मुर्गीपालन इकाई, कृषि महाविद्यालय की हैचरी, ब्रुडिंग एवं लेयर इकाई का भ्रमण करवाते हुए मुर्गियों मे टीकाकरण एवं आहार प्रबन्धन की जानकारी दी। सहायक कृषि अधिकारी नन्द लाल सेन ने बताया कि प्रशिक्षण मे 30 कृषकों की सहभागिता रही।

चिकित्सा शिविर 13 से

भीलवाड़ा। राजकीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय केंद्रीय विद्यालय के पास कोटा रोड पर जरावस्था व्याधि निवारण केंद्र एवं पंचकर्म केंद्र के तत्वावधान में 60 वर्ष से ऊपर की आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों हेतु निःशुल्क 10 दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन 13 से 22 सितम्बर तक किया जाएगा। राजकीय एकीकृत आयुष चिकित्सालय के पीएमओ डॉ संजय कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में जोड़ो का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, गठिया आदि रोगों के उपचार के लिए निःशुल्क औषधि के साथ साथ पंचकर्म चिकित्सा जैसे स्नेहन (अभ्यंग), स्वेदन (भाप स्नान), वस्ति (दवाइयों का एनीमा), पत्र पिंड स्वेद, अग्निकर्म, रक्त मोक्षण आदि प्रक्रियाएं निःशुल्क की जाएगी।

गुलाबपुरा पालिका की 7 दिन में बैठक बुलाने का अल्टीमेटम

गुलाबपुरा ■ संवाद सूत्र

भारतीय जनता पार्टी के सभी पार्षदों ने ,नगर पालिका मे साधारण बैठक को बुलाने को लेकर, भाजपा राजस्थान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व नेता प्रतिपक्ष धनराज गुर्जर नेतृत्व में ,न.पा.अध्यक्ष सुमित काल्या के कक्ष के बाहर ज्ञापन चस्पा कर, बोर्ड की बैठक बुलाने की मांग की। पूर्व पालिका अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष धनराज गुर्जर ने बताया की,कांग्रेस बोर्ड को 7 माह पुरे हो गए है। न.पा. गुलाबपुरा की राजस्थान नगरपालिका अधिनियम ,2009 की धारा 51 के तहत,बोर्ड की बैठक आयोजित हो जानी चाहिए थी।नियमानुसार 60 दिनों के भीतर 1 बोर्ड बैठक व वर्ष में 6 बैठक नियमानुसार होना आवश्यक है। परंतु कांग्रेस नेताओं एवं पालिका अध्यक्ष की हठधर्मिता की भेंट गुलाबपुरा शहर का विकास चढ़ चुका है। पार्षदों द्वारा उपखंड अधिकारी व अधिशासी अधिकारी को ,कई बार प्रार्थना पत्र देकर,नगर पालिका की साधारण बैठक बुलाने की मांग की गई। परंतु आज दिनांक तक, बोर्ड की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई। प्रदेश सरकार द्वारा,प्रशासन शहरो के संग अभियान दिनांक 2 अक्टूबर से शुरू किया जाना है इस बाबत भाजपा पार्षदों से कोई चर्चा न कर, विचार विमर्श ना कर, एवं पालीका लक्ष्य पूर्ति हेतु पट्टे जारी करना सफाई कर्मचारियों को राज्य सरकार के आदेश के बावजूद नियुक्ति नहीं देना ,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति सरकार के आदेशों के बावजूद नहीं देना! इनके अलावा नाला निर्माण ,चंबल परियोजना में शहर की संपूर्ण रोड़ों को नगर पालिका से बगैर एनओसी लिए तोड़कर, ,नगर पालिका को हानि पहुंचाई जा रही है ,टूटी हुई रोडों को भी ठीक नहीं किया गया।

सुर्खियां

भक्त में भगवान को बुलाने की अपार शक्ति : साध्वी चंदनबाला

आसींद। भक्त और भगवान के मध्य मिलन भक्ति के माध्यम से ही होता है। भक्त में अपार शक्ति निहित है वो अपनी भक्ति के माध्यम से भगवान को भी बुला सकता है। हम इन पर्युषण पर्व के दौरान राग, द्वेष, कषायों, क्रोध, मान , मोह, लोभ को त्यागकर प्रभु की तप और जाप के माध्यम से आराधना करें ताकि हमें जन्म और मरण से मुक्ति मिल सके।उक्त विचार तपाचार्य साध्वी जयमाला की सुशिष्या साध्वी चंदनबाला ने धर्मसभा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि अगर साल भर में किसी कारण से हमारे द्वारा कोई पाप कर्म हो गया हो तो उस पर इन पर्युषण पर्व के दौरान चिंतन, मनन करके बुरी प्रवृत्ति का त्याग करना है। धर्मसभा में चातुर्मास के दौरान मीडिया का शानदार कवरेज करने एवं नवकार महामन्त्र के सामूहिक जाप की शुरुआत कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने पर संघ के सहमंत्री सुरेन्द्र संचेती का श्री वर्धमान सेवा समिति द्वारा अभिनन्दन पत्र, श्रीफल, शाल, ध्वज प्रदान कर सम्मानित किया गया। ध्वज की बोली भूरालाल, पारसमल, देवीलाल, प्रकाश चंद पीपाड़ा की तरफ से 11000 रु जीवदया में भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बाहर से आने वाले श्री संघो का स्थानीय संघ द्वारा शब्दो से स्वागत किया गया।

स्कूली शिक्षा सूची में चुरू अव्वल, भीलवाड़ा 16वें नम्बर पर

भीलवाड़ा। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने प्रदेश में स्कूली शिक्षा की सितंबर की रैंकिंग जारी कर दी है। 33 जिलों में भीलवाड़ा जिला 177.83 स्कोर लेकर 16वें नंबर पर रहा है। जुलाई व अगस्त में जिले की रैंक 17 थी। इस लिहाज से हमने अपनी स्थिति में सुधार किया है। एक पायदान ऊपर चढ़े हैं। प्रदेश में नंबर वन चूरू, नंबर टू जयपुर व नंबर थ्री चित्तौड़गढ़ रहा है, जबकि कोचिंग सिटी के रूप में विख्यात कोटा सबसे पिछड़ा है। चूरू ने 214.71 स्कोर हासिल किए। जयपुर 213.42 व चित्तौड़गढ़ ने 194.03 अंक हासिल किए। कोटा का स्थान 32वां है। उसे 156.17 स्कोर मिले। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ.रश्मि शर्मा ने सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान को जिला रैंकिंग की रिपोर्ट भेजी है। शाला दर्पण पोर्टल पर अगस्त के उपलब्ध डाटा से जिला रैंकिंग तैयार की गई है। अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ.शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि डीईओ व एडीपीसी अपने जिला व ब्लॉक की रैंकिंग का अपने स्तर पर प्रत्येक प्रश्न व क्षेत्रवार विश्लेषण करें। कमजोर रहे क्षेत्रों में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर एक्शन प्लान तैयार किया जाए। फिर एक्शन प्लान के अनुसार काम करें, ताकि अगले माह रैंकिंग में अपेक्षित सुधार हो सके।

गढबोर चारभुजा नाथ दर्शन के लिए पदयात्रा रवाना

गुलाबपुरा। चारभुजा मित्र मन्डल के तत्वाधान मे 15 वी गुलाबपुरा से गढबोर चारभुजा के लिए पदयात्रा चारभुजा मंदिर से गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। सभी पदयात्रियों ने श्रीराम मंदिर में भी दर्शन किये। इस दौरान पालिकाध्यक्ष सुमित काल्या, प्रधान कृष्णसिंह राठोड , पूर्व पालिकाध्यक्ष धनराज गुर्जर, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष प्रदीप रांका, राजस्थिन के वरिष्ठ विधि महाप्रबंधक पवन गुप्ता, पूर्व प्रधान कन्हैया लाल वैष्णव, गोपाल वैष्णव, राजेश कुमावत, सुरेश दाधीच, सतीश पाराशर, घनश्याम सिंह सहित समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में रवाना हुई ।

समाचार-आसपास

युवक की संदिग्ध मौत

भीलवाड़ा। जवाहर नगर में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उत्तरप्रदेश निवासी रितेश पुत्र छेदीलाल वर्मा के बाद उपचार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय लाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

हादसे में तीन घायल

भीलवाड़ा। रतनपुरा व कारोई के बीच बस व ट्रक की आपसी भिड़त मे गंगापुर निवासी किशन पुत्र किशन पुत्र लक्ष्मण लुहार, मधुबन निवासी प्रदीप पुत्र वीरभान कश्यप, नीरज पुत्र मदनलाल पंडित घायल हो गया। तीनों को उपचार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रहित

भीलवाड़ा। हजरत इमाम हुसैन की याद मे करेड़ा मे रक्तदान शिविर का आयोजन आम मुस्लिम समाज की तरफ से किया गया। शिविर में 51 यूनिट रक्तदान हुआ। हफीज मोहम्मद ने 19 वीं बार रक्तदान किया। मुस्लिम यूथ के संस्थापक अध्यक्ष गफ्फार मुल्तानी ने बताया कि शिविर में सबसे ज्यादा युवा वो थे जिन्होंने पहली बार रक्तदान किया। शिविर के मुख्य अतिथि रामलाल जाट के पुत्र अंकित जाट थे। उपाध्यक्ष रतन सरगरा पंचायत समिति सदस्य आशा देवी सरगरा राष्ट्रीय मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय महासचिव मुस्तफा खान, इरफान छिपा, शकील रहमानी, मुंशी कबाड़ी, इरफान रहमानी आदि मौजूद थे। हफीज मोहम्मद बिसायती ने बताया कि करेड़ा मे इमामे हुसैन की याद मे पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया है।

स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश की बढ़ाई आवेदन तिथि

भीलवाड़ा। राजस्थान के सभी राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 14 सितम्बर 2021 कर दी गई है। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा जारी संशोधित प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार अब प्रथम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 20सितम्बर 2021 को होगा। विद्यार्थियों द्वारा ई मित्र पर शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 27 सितंबर होगी एवम शिक्षण कार्य 2 अक्टूबर से प्रारंभ होगा।

अब व्हाट्स नम्बर पर बुक हो सकेगी भारत गैस

भीलवाड़ा। भारत गैस पैट्रोलियम द्वारा भारत गैस के समूह ग्राहकों को गैस की बुकिंग के लिए एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया गया है। भारत पेट्रोलियम के सेल्स ऑफिसर कपिल राकावत ने बताया की वाट्सएप नंबर 1800224344 जारी किया है जिससे गैस की बुकिंग आसानी से हो सकेगी और इससे ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा होगी। कम्पनी वर्चुअल असिस्टेंट के माध्यम से एलपीजी सेवाएं, एलपीजी सिलिंडरों की बुकिंग, एलपीजी सिलिंडरों की कीमत और एलपीजी सिलेंडरों के भुगतान के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।बुक किए गए एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी की स्थिति और रिफिल इतिहास की भी जानकारी मिलती है। इसके साथ एलपीजी वितरक बदलने, मोबाइल नंबर अपडेट करने, आपातकालीन और शिकायतें, वीपीसीएल प्रोग्राम और स्मार्टड्राइव और स्मार्टफ्लीट लॉयल्टी प्रोग्राम, फ्यूल कार्ट डोर डिलीवरी आदि सहित ऑफर के बारे में जानकारीयां आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फ़ोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की सं.
1.	शीला वती गुप्ता मनोज कुमार गुप्ता 0006516	18086	1789071-1789170	100
2.	मनोज कुमार गुप्ता शीला वती गुप्ता 0006517	18087	1789171-1789270	100

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए, जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 08-09-2021
स्थान: नई दिल्ली